issued for installing of Digital Public Telephone Exchange.

(b) to (e) Questions do not arise in view of answer (a) above.

प्राथमिकता के आधार पर टेलीफोन कनेक्शनों का आबंटन

2765. **डा. अबरार अहमद :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें प्राथमिकता के आधार पर टेलीफोन कनेक्शन आबंटित करने का अधिकार है, यदि हां, तो क्या इसकी कोई सीमा निश्चित है ;

(ख) जनवरी, 1989 से 30 जून, 1992 तक प्रत्येक मंत्री ने बिना बारी के कितने-कितने टेलीफोन कनेक्शन आबंटित किये तथा कितने-कितने टेलीफोन कनेक्शन संसद सदस्यों और गैर-संसद सदस्यों की सिफारिश पर आबंटित किए गए;

(ग) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान बिना पारी के टेलीफोन कनैक्शन आबंटित किये जाने के संबंध में घपले अथवा भ्रष्टाचार का कोई मामला सामने आया है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी. रंगया नायडू) : (क) जी हां। इसके लिए कोई सीमा निर्धारित नहीं है और सक्षम प्राधिकारी व्यावहारिक मामलों में बिना बारी के टेलीफोन अलॉट करने में विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हैं।

(ख) अपेक्षित जानकारी विवरण में दी गई है जिसे सभा पटल पर रख दिया गया है। **(नीचे देखिए) :**

(ग) जी हां।

(घ) बिना बारी के आधार पर मंजूरशुदा टेलीफोन के जाली मामलों का पता चला और विभाग को सतर्कता शाखा द्वारा उनकी जांच की गई। चूंकि ऐसे मामलों में विभाग के बाहर के व्यक्ति शामिल थे, अत: इस मामले को विस्तृत जांच के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया गया है।

विवरण

जनवरी, 1989 से 30 जून, 1992 तक की अवधि के दौरान प्रत्येक मंत्री (संचार) द्वारा बिना बारी के आधार पर आबंटित किए गए टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या

क्रम सं०	माननीय संचार मंत्री का नाम	अवधि	मंजूर किए गए टेलीफोन कनेक्शन	अभ्युक्तियां
1	2	3	4	5
1.	श्री वीर बहादुर सिंह	1989	5120*	मई, 1989 तक
2.	श्री गिरिधर गोमांगो	1989	7540*	नवम्बर, 1989 तक
3.	श्री के०पी० उन्नीकृष्णन	1989	25*	केवल दिसम्बर, 1989
4.	श्री के०पी० उन्नीकृष्णन	1990	4243*	मई, 1990 तक
5.	श्री जनेश्वर मिश्र	1990	8900*	नवम्बर, 1990 तक

1	2	3	4	5
6.	डा० संजय सिंह	1990	1650*	केवल दिसम्बर, 1990
7.	श्री जय प्रकाश	1990	105*	—वही—
8.	श्री जय प्रकाश	1991	20630**	जून, 1991 तक
9.	डा० संजय सिंह	1991		
10.	श्री राजेश पायलट	जुलाई, 91 से जून, 92 तक	9899	संसद सदस्यों की सिफारिशों पर
			9668	संसद सदस्यों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों की सिफारिशों पर
11.	श्री पी० वी० रंगय्या नायडू	जुलाई, 91 से	1723	संसद सदस्यों की सिफारिशों पर
		जून, 92 तक	2752	संसद सदस्यों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों की सिफारिशों पर

* चूंकि संसद सदस्यों का कोई कोटा नहीं था, अतः संसद सदस्यों अथवा संसद सदस्यों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों की सिफारिशों के आधार पर जारी किए गए बिना बारी के टेलीफोन कनेक्शनों को दर्शाने वाला कोई अलग रिकार्ड नहीं रखा गया है।

** संसद सदस्यों की सिफारिशों, संसद सदस्यों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों की सिफारिशों और संसद सदस्यों के कोटे के आधार पर मंजूर किए गए बिना बारी के टेलीफोन कनेक्शनों के संबंध में पृथक रूप से बनाया गया कोई रिकार्ड उपलब्ध नहीं है।

Convenient of manual exchanges into dectnxsc exchanges in Tamil Nadu

2766. SHRI PASUMPON THA. KntUTTINAN: will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state;

(a) the number and details *of* manual telephone exchanges in Tamil Nadu as on the 30th June, 1992;

(b) whether Government are considering to convert these manual exchanges into electronic exchange during the current and next two years; and

(c) if not, the reasons thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU);

(a) 6 Numbers, Details are as under;'

(b) Yes, Sir.

Name of Exchange	District
1. Adiramapattinam	Thanjavour
2. Peavurani . . .	—do—
3. Koothanallur . .	—do—
4. Tiruppathur . .	(North Arcot Ambedkar
5. Gudiyatham . .	—do—
6. Punnamaravathy .	Pubukottai

(c) Don not arise.